हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 7 जनवरी 2026

04 स्कूल-आंगनबाड़ी में रहा अवकाश दो दिन में ...



07 मौसम की दोहरी मार, गेहूं की फसल में निखार...





## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि मेला तैयारी की बैठक 9 को होगी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि मेला वर्ष 2026 की तैयारी संबंधी बैठक 9 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे से संजय गांधी संस्थान पचमढ़ी के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं अध्यक्ष महादेव मेला समिति ने सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए हैं।

### उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम 7 को होगा

**नर्मदापुरम।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के तत्वाधान में 7 जनवरी बुधवार को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होटल वाटिका पैलेस में दोपहर 12:30 बजे से किया जाएगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि जिले के औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों एवं युवा उद्यमियों एवं स्टार्टअप कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### मातृशक्ति ने किया सुंदरकांड पाठ

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुर युवा मंडल शक्ति शौर्य महारास की मातृशक्तियों द्वारा मंगलवार को सरस्वती नगर रसूलिया स्थित विचित्र वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

### बनखेड़ी पुलिस ने किया युवक की हत्या के मामले का खुलासा

# आरोपी युवक को साथ लेकर भाग जाती थी पत्नी, पति ने घोंट दिया प्रेमी का गला

बनखेड़ी में एक युवक ने अपनी पत्नी के प्रेमी की गला घोट कर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना का खुलासा किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मंगलवार को बनखेड़ी पुलिस ने हत्या के मामले का खुलासा किया। जहां आरोपियों ने मृतक का गला दबाकर नदी में फेंक दिया था। वहीं मृतक की गुमशुदगी दर्ज कराई गई। एसपी और बनखेड़ी पुलिस ने टीम बनाकर आरोपियों धर दबौचा।

थाना बनखेड़ी को जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम ठेनी में स्थित रामदेव शुगर मिल के पीछे 4 जनवरी को बहने वाली ओल नदी में एक व्यक्ति का शव तैर रहा है। जिस पर तत्कल बनखेड़ी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को पानी से निकालकर जांच प्रारंभ की गई। उक्त अज्ञात शव मिलने की घटना की गंभीरता को देखते हुये एसपी, साई कृष्ण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देश पर एसडीओपी, पिपरिया मोहित कुमार यादव द्वारा थाना प्रभारी बनखेड़ी निरीक्षक विजय सनस के नेतृत्व में थाना बनखेड़ी की टीम गठित कर अज्ञात शव की शिनाख्तगी एवं मृत्यु की जांच हेतु लगाया गया।

28 दिसंबर को पुलिस थाना सांईखेड़ा जिला नरसिंह पुर में सेवक उर्फ शिब्बु उर्फ शिवा की गुमशुदा की रिपोर्ट ग्राम निमवार से होने गुम होने संबंधी 1 जनवरी को दर्ज होना पाया गया। जिस पर उक्त सूचनाकर्ता से सम्पर्क कर गुमशुदा सेवक उर्फ शिवा उर्फ शिब्बु के परिजनों से सम्पर्क कर शासकीय अस्पताल बनखेड़ी में बुलाया गया जहा मृतक के भाई श्यामू कहरा पिता रामचरन कहार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम जुन्हेटा थाना बनखेड़ी के द्वारा शव की पहचान अपने भाई सेवक उर्फ शिवा उर्फ शिब्बु कहार उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम जुन्हेटा के रुप में की गई। पहचान उपरांत शव का पोस्ट मार्टम कराया गया। पोस्ट मार्टम कर्ता डाक्टर द्वारा पोस्ट मार्टम में सेवक उर्फ शिवा उर्फ शिब्बु कहार की मृत्यु गला घोटकर किया जाना बताया। जिस पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना बनखेड़ी पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

#### यह थे अरोपी

चश्दीद के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर आरोपी प्रीतम कहार, अभिषेक मेहरा, लक्ष्मण प्रसाद, दुर्गेश यादव, ऋषि मेहरा, सुनील मेहरा, राकेश बैरागी, शंकर उर्फ शंकर लाल कहार, सरिता कहार, सरोज यादव के द्वारा किया जाना पाया गया।

#### हत्या का कारण

आरोपी प्रीतम कहार आरोपी शंकर कहार एवं सरिता कहार का दामाद है। जिसकी पत्नी के प्रेम संबंध मृतक से थे जिससे वह बार बार उसके साथ भाग जाती थी। 25 दिसंबर को भी प्रीतम कहार की पत्नी मृतक सेवक उर्फ शिवा उर्फ शिब्बू कहार के साथ भाग गई थी। जिसकी तलाश हेतु उक्त आरोपीगण अपने साथ काम करने वाले अन्य 07 आरोपीगण को लेकर ग्राम निमवार, थाना साईखेड़ा जिला नरसिंहपुर गये थे जहा पर प्रीतम कहार की पत्नी उसे मृतक सेवक उर्फ शिवा उर्फ शिब्बू कहार के साथ मिल गई। उक्त दोनों सभी लोग अपने साथ लेकर आ रहे थे रास्ते में विवाद बढ़ने पर सभी आरोपीगण द्वारा ग्राम ठेनी में स्थित रामदेव शुगर मिल के पीछे की ओर बहने वाली ओल नदी के पास सेवक उर्फ शिवा उर्फ शिब्बु कहार की गला दबाकर हत्या कर उसे ओल नदी में फेक दी थी।

## कलेक्टर ने नर्मदा प्रकटोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

### सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को 25 जनवरी को आयोजित होने वाले नर्मदा प्रकटोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने सेठानी घाट पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलमंच, सर्किट हाउस से जलमंच तक मुख्य अतिथि के जलमार्ग, कंट्रोल रूम, अस्थायी अस्पताल हेतु तिलक भवन सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, एडीएम राजीव रंजन पांडे, एडिशनल एसपी अभिषेक राजन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर बृजेंद्र रावत, सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, सीएमओ श्रीमती हेमेश्वरी पटले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देशित किया कि घाट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए उपयुक्त स्थान सुनिश्चित किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, अतः साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्थाएं पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ संपन्न कराई जाएं।

उन्होंने नर्मदा प्रकटोत्सव के मुख्य कार्यक्रम के लिए बनाए जाने वाले विभिन्न सेक्टरों की रूपरेखा, बैठक व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के लिए बेरी कटिंग एवं मार्किंग की व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य कार्यक्रम के प्रसारण हेतु लगाई जाने वाली स्क्रीन की टेस्टिंग समय रहते कराने के भी निर्देश दिए।

## पूरे जिले में चाइना निर्मित मांझे का विक्रय एवं उपयोग प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए चाइना निर्मित मांझे के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। यह आदेश नर्मदापुरम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि चाइना निर्मित मांझा मानव जीवन, विशेषकर राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों एवं पक्षियों के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो रहा है, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं एवं जनहानि की आशंका बनी रहती है। उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश विक्रय करने वाले दुकानदारों को संबोधित है अतः इसकी सूचना न्यायालय के सूचना पटल, समस्त एसडीएम, पुलिस थाना, तहसील कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, नपा कार्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्यवाही किए जाने के दिशा निर्देश किए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के 91 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, अतिक्रमण, पेंशन एवं विभिन्न राजस्व प्रकरणों से जुड़े आवेदनों का कलेक्टर द्वारा समाधान किया गया। कलेक्टर ने पूर्व में दर्ज जनसुनवाई आवेदनों की भी समीक्षा करते हुए अधिक लंबितता वाले विभागों को निर्देशित किया कि वे एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित आवेदनों पर कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें तथा अद्यतन स्थिति पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट करें। जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।



## महाविद्यालय में युवा दिवस पखवाड़े के अंतर्गत पहले दिन निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माखन नगर- श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, उनके विचार और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वस्तिक रावत बी.एस.सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान अनुष्का कहार बी.ए .द्वितीय वर्ष,

कृष्ण कांत बी.कॉम. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया प्रतियोगिता का आयोजन रेड रिबन तथा रासेयो के तत्वाधान में किया गया 1 जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं डॉ.कविता दुबे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो आदि शामिल रहीं।




## कक्ष में नपा सीएमओ अनुपस्थित मिले तो युवक कांग्रेस ने गेट पर चस्पा किया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरीय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के लिए बिछाई गई पाइपलाइन की टूट फूट का निरीक्षण कर तत्काल पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के संबंध में युवक कांग्रेस ने प्रदेश प्रवक्ता रोहन जैन के नेतृत्व में सीएमओ के नाम सीएमओ कक्ष के बाहर ज्ञापन चस्पा किया है, जब नगरपालिका के बाहर से नारेबाजी करते हुए युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता सीएमओ कक्ष के करीब पहुंचे तो उन्होंने कक्ष में सीएमओ को अनुपस्थित पाया जिसके बाद उनके द्वारा अपनी मांग के लिए साथ लाए ज्ञापन को सीएमओ कक्ष के बाहर गेट पर चस्पा कर दिया। प्रदेश के इंदौर शहर में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की हुई मौत और बीमारी का शिकार हुए लोगों के हालात चिंता का विषय बने हुए हैं। कई वार्ड ऐसे हैं नगर में पेयजल व्यवस्था बदहाल स्थिति में है और किसी भी दिन इंदौर जैसे हालात निर्मित होने की बात को नकारा नहीं जा सकता। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रवक्ता रोहन जैन प्रदेश सचिव एनएसयूआई आफरीद खान , नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा , आयुष चौहान , फैज खान , कपिल यादव, कॉलेज अध्यक्ष अभय सौनी, सिराज खान , पीयूष जैन, मनीष मिश्रा, आफराज खान, सार्थक जैन, ईशान गुप्ता वसीम खान, लकी खान, विनय मालवीय , हर्ष कदम,पार्श्व जैन, अभिषेक सैनी, समीर कदम, इस्माइल खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस का विधायक निवास घेराव का प्रयास हुआ विफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139के पिपरिया मुख्यालय पर मंगलवारा चौराहे पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिला अध्यक्ष पार्षद युवक कांग्रेस के पदाधिकारी नदारद, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नदारद,एन एस यू आइ अध्यक्ष सहित तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नदारद रहे। लगभग 50लोगो में पचमढ़ी , बनखेड़ी चांदौन, पिपरिया के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जिसमें भाजपा सरकार प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विगत दिनों भागीरथी बार्डमे जहरीला पानी पीने से लगभग 20लोगो की मौत होने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई थी।तब कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतूं पटवारी के निर्देश अनुसार धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए तमाम आरोप लगाए गए थे। तथा पुतला दहन किया गया। उसके बाद विधायक ठाकुरदास नागवंशी के निवास पर धरना प्रदर्शन कर घेरने का प्रयास किया गया। जिसमें मंगलवारा थाने प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, पचमढ़ी रोड थाना प्रभारी आदित्य सैनी एसडीओ पुलिस तहसीलदार वैभव बैरागी नायाब तहसीलदार नीरज बैस सहित सभी स्टाफके लोग शामिल हुए थे। सभी ने कांग्रेस कमेटी के लोगों को विधायक निवास तक नहीं पहुंचने दिया गया।

## कांग्रेसियों ने घंटा बजाकर इंदौर की घटना पर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

इंदौर में दूषित जल से एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हुई एवं भाजपा सरकार के मंत्री मीडिया से बदजुबानी कर रहे हैं इंदौर की घटना को लेकर सरकार को चेताते हुए कांग्रेस ने घंटा बजाकर प्रदर्शन किया कांग्रेसी माखनलाल चतुर्वेदी स्थल पर एकत्रित हुए नारेबाजी की और भाजपा कार्यालय के सामने जाकर घंटा बजाकर प्रदर्शन किया 1 प्रदर्शन कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव मोनू पटेल,नगर अध्यक्ष संजय गिल्ला,अमृत विंदु डेरिया,रत्नेश बड़गूजर,गिरिश वर्मा,मोहन सोनी, हकीम खान,प्रमोद यादव,राजेन्द्र बड़गूजर, प्रदीप शर्मा,विजय मीना,बब्लू अंसारी पार्षद,द्वारका चौधरी, जितेंद्र चौधरी, अंकुर सिंघई आदि अनेक कांग्रेसी शामिल हुए।

### रामपुर में होगी जपं की सामान्य सभा की बैठक

**नर्मदापुरम।** जनपद पंचायत नर्मदापुरम में निर्वाचित जनपद सदस्यो की प्रतिमाह समीक्षा बैठक आयोजित होती है बैठक में जनपद पंचायत से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं खण्ड स्तरीय एक साथ मिलकर विकास और प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हैं एवं जनपद क्षेत्र के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा करते हैं। जनपद अक्ष्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे ने बताया कि जनपद की बैठक हमेशा जनपद मुख्यालय पर जनपद सभागृह में की जाति है इस बार 7 जनवरी 26 को जनपद पंचायत की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत रामपुर में किया जा रहा है इस संबंध में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ नववर्ष मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया है।

## सांसद व विधायक ने नर्मदा जयंती महोत्सव का सीएम को भेजा न्यौता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा जयंती महोत्सव 2026 के आयोजन में आमंत्रित करने के लिए नर्मदा जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा और सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मध्यप्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री मोहन यादव जी को नर्मदा जयंती महोत्सव नर्मदापुरम में पधारने का आमंत्रण दिया। प्रतिनिधि मंडल में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव ,मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मनोहर बढ़ानी , नर्मदा जयंती महोत्सव के सदस्य अनुराग तिवारी (गोलू) , मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे और नर्मदा महाआरती के संयोजक प्रशांत मुन्नू दुबे, उपस्थित थे ।

### श्री राम मंदिर दतवासा में जारी शिवमहापुराण में बोले आचार्य पुष्कर परसाई

# श्री गणेश के जन्म की कथा अत्यंत रोचक, भावनात्मक और आध्यात्मिक है, यह कथा माता पार्वती को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री राम मंदिर ग्राम दतवासा तहसील डोलरिया में चल रही श्री शिव महापुराण में डॉ पुष्कर परसाई जी ने शिव-पार्वती विदाई की कथा का वर्णन किया। आचार्य ने कहा कि जब माता पार्वती मायके से ससुराल चली तो स्वयं ब्राह्मण ने पार्वती को स्त्री धर्म बताया।

उन्होंने कहा कि साध्वी स्त्री का यह धर्म है कि वह मन, वचन और कर्म से पति की परायण रह कर उसकी सेवा करे। उन्होंने बताया कि संसार के अंदर तीन प्रकार के अधिकार हैं। जन्म सिद्ध, कर्म सिद्ध और धर्म सिद्ध अधिकार। धर्म सिद्ध अधिकार पत्नी को प्राप्त होता है। इसके आधार पर पत्नी का कर्तव्य है कि वह अपने ससुराल के कुल मर्यादा रखते हुए हर्षोल्लास पूर्वक जीवन व्यतीत करे। आचार्य श्री ने कहा कृतिकाओं के घर से जब गणों के साथ कार्तिकेय कैलाश पहुंचे तो वहां पर माता पार्वती व शंकर जी सहित




समस्त देवियों एवं देवगणों ने अपने-अपने अस्त्र- शस्त्र प्रदान कर देवताओं के सेनापति पद पर सुशोभित किया।

आचार्य श्री ने कहा कि शिव महापुराण की कथाओं में भगवान श्री गणेश के जन्म की कथा अत्यंत रोचक, भावनात्मक और आध्यात्मिक है। यह कथा न केवल भगवान गणेश की उत्पत्ति को दर्शाती है, बल्कि माता पार्वती की शक्ति, भक्ति और सृजनात्मकता का भी प्रतीक है। उन्होंने कथा प्रसंग पर विस्तार से बताया कि शिव महापुराण के अनुसार, एक बार माता पार्वती स्नान के लिए जा रही थीं।उन्होंने अपने उबटन (चंदन और हल्दी के लेप) से एक सुंदर बालक की मूर्ति बनाई और उसमें प्राण डाल दिए। वह बालक कोई और नहीं बल्कि भगवान गणेश ही थे।

यह कथा माता-पिता की कृपा, भक्तिभाव, और यह सिखाती है कि बाधाएं चाहे कितनी भी आएं, वे विघ्नहर्ता श्री गणेश के आशीर्वाद से दूर हो सकती हैं। शिव महापुराण कथा में भगवान शंकर की आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।कथा का समय 1:30 बजे से 4:30 तक। आयोजक रिछारिया परिवार ने सभी से कथा में पधारने का आग्रह किया।

## माखन नगर में हुआ वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मंगलवार को शासकीय आईटीआई प्रांगण में वित्तीय साक्षरता का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि आरोह फाउंडेशन के स्टेट हेड हेमंत राज डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हर्ष भार्गव एवं संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजन किया गया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके उपरांत सभी अतिथियों का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया एफसी हर्ष तिवारी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई उसके पश्चात हर्ष भार्गव ने आरोह फाउंडेशन के कार्यों पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि हेमंत राज ने वित्तीय साक्षरता को लेकर अपने विचार रखें। इस दौरान साइबर फ्रॉड, लोकपाल, बजट, हेल्पलाइन नंबर, वेबसाइट के बारे में सभी छात्राओं को मार्गदर्शन दिया कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक हर्ष तिवारी द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### महिला कांग्रेस व रसोइया संघ ने प्रदर्शन किया



**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय में अंशकालीन रसोइया चंपा वट्टी के आत्मदाह प्रयास के बाद विवाद बढ़ गया है। मंगलवार को महिला कांग्रेस ग्रामीण इकाई और रसोइया संघ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सहायक आयुक्त (एसी) ट्राइबल विवेक पांडे के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर और सहायक आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर 20 रसोइयों को काम से हटाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि चंपा वट्टी पिछले 24 वर्षों से शासकीय वरिष्ठ आदिवासी बालक छात्रावास में अंशकालीन रसोइया के पद पर कार्यरत थीं। उन्हें हाल ही में बिना किसी लिखित आदेश के काम से हटा दिया गया था। इसी से क्षुब्ध होकर उन्होंने शनिवार को सहायक आयुक्त कार्यालय में मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया था। महिला कांग्रेस ग्रामीण की जिलाध्यक्ष लीला दवंडे ने आरोप लगाया कि जनजातीय कार्य विभाग में अंशकालीन कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैतूल आदिवासी बहुल जिला है, और विभाग के कुछ अधिकारी पद का दुरुपयोग कर आदिवासी वर्ग के साथ अन्याय कर रहे हैं। ज्ञापन में सहायक आयुक्त विवेक पांडे के तत्काल स्थानांतरण और हटाई गई सभी रसोइयों को पुनः कार्य पर रखने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे छात्रों को समय पर भोजन और मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि जहां कर्मचारियों की कमी है, वहां तत्काल नियुक्तियां की जाएं और वेतन भुगतान में हो रही देरी को भी खत्म किया जाए।

### जिले में सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, तापमान 7.5 डिग्री दर्ज

# स्कूल-आंगनबाड़ी में रहा अवकाश दो दिन में गिरा 3.5 डिग्री पारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में लगातार ठंड बढ़ते जा रही है। हालात यह है कि बीते चार दिनों में 3.5 डिग्री पारा नीचे लुढक गया है। सोमवार रात जहां तापमान 9.2 डिग्री था, वहीं मंगलवार को न्यूनतम तापमान में 2.0 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। पारा गिरने के कारण शीतलहर का असर भी तेज हो गया है। लोग दिन में भी अलाव जलाकर ठंड से बचते देखे गए। बता दे कि नई साल की शुरुआत के साथ ही मौसम का मिजाज भी रोज बदल रहा है।

नए साल की शुरुआत में ठंड से कुछ राहत मिली थी। 2 जनवरी को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और 3 जनवरी को 12.5 डिग्री तक पहुंच गया था। हालांकि जनवरी के पहले सप्ताह के अंत में ठंड ने फिर से वापसी कर ली है और तापमान लगातार नीचे आ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर दिशा से आ रही ठंडी हवाओं और साफ आसमान के कारण रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। 6 जनवरी को न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के आंकडों के मुताबिक, 2 जनवरी को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम 25.5 डिग्री सेल्सियस था। वहीं, 6 जनवरी को यह घटकर क्रमशः 7.5 डिग्री और 22 डिग्री सेल्सियस रह गया। इस तरह पिछले चार दिनों में रात के तापमान में 3.5 डिग्री और दिन के तापमान में 3 डिग्री की गिरावट आई है। मंगलवार को आसमान साफ रहने से धूप खिली, जिससे थोडी राहत मिली, लेकिन ठंडी हवाएं चलती रहीं। वहीं विजिबिलिटी 10 से 20 किमी थी।

### नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक रही छुट्टी

जिले में लगातार पड़ रही शीतलहर और गिरते तापमान को देखते हुए कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई, माध्यमिक शिक्षा मंडल और अन्य बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। हालांकि जिन विद्यालयों में परीक्षाएं या अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां पहले से निर्धारित हैं, वे पूर्ववत संचालित रही और उन पर अवकाश का कोई असर नहीं पड़ा। इसी के साथ, जिले की आंगनवाडि़यों में भी शीतलहर की स्थिति को देखते हुए अवकाश रहा। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को ठंड से बचाव के पर्याप्त उपाय करें ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**पिछले एक सप्ताह का जिले का तापमान**

| तिथि | अधि. | न्यून. |
|---|---|---|
| 29 दिसंबर | 25.5 | 8.8 |
| 30 दिसंबर | 26.2 | 9.0 |
| 31 दिसंबर | 26.5 | 9.5 |
| 1 जनवरी | 26.7 | 11.5 |
| 2 जनवरी | 26.0 | 11.7 |
| 3 जनवरी | 26.2 | 12.5 |
| 4 जनवरी | 26.0 | 11.5 |
| 5 जनवरी | 25.5 | 9.2 |
| 6 जनवरी | 22.0 | 7.5 |

### दो दिन में गिरा 3.5 डिग्री तापमान

शीत लहर चलने से जिले में ठिठुरन बढ़ गई। सोमवार को न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मंगलवार को न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री पर पहुंच गया। अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई है। इधर घना कोहरा छाने से दृश्यता कम रही, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले दस दिनों से बैतूल में मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। 26 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री था, जो 27 दिसंबर को 8.7 डिग्री और 28 दिसंबर को 8.5 डिग्री तक गिर गया था। हालात यह है कि सोमवार को सुबह के समय शहर के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। ठंड बढऩे के कारण जगह-जगह लोगों ने अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया।

### खेतों के किनारे धुआं करें और हल्की सिंचाई करें

विशेषज्ञों के अनुसार ठंड गेहूं के लिए तो फायदेमंद है, लेकिन पाला पडऩे से चना, मसूर और मटर जैसी फसलों में इल्ली सहित अन्य रोगों की संभावना बनी रहेगी। इन्हें समय पर नहीं रोका गया, तो उत्पादन पर असर पड़ेगा। जैसे ही कीट या रोग के लक्षण दिखें, किसान तुरंत उपचार करें। मौसम रबी फसलों के लिए अनुकूल है, लेकिन सतर्कता और समय पर प्रबंधन जरूरी है। तभी किसान इसका पूरा लाभ उठा सकेंगे। कृषि विभाग ने किसानों को पाले से फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करने को कहा है। रबी की फसलें, खासकर चना, मटर, आलू, धनिया और तिलहनी फसलें पाले के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। विभाग ने किसानों को रात में खेतों के किनारों पर कचरा जलाकर धुआं करने और हल्की सिंचाई करने की सलाह दी है। सुबह फसलों को रस्सी से हल्का हिलाने को कहा गया है, ताकि पत्तियों पर जमी ओस की बूंदें गिर जाएं। इसके अलावा सल्फर डस्ट, ग्लूकोज या पोटेशियम सल्फेट का छि?काव करने की भी सलाह दी गई है।

# बैतूल के 80 वर्षीय रिटायर्ड बैंक अधिकारी से ठगी

## दिल्ली पुलिस बनकर डिजिटल अरेस्ट रखा, 23.50 लाख रु. ऐंठे, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। गंज थाना क्षेत्र में 80 वर्षीय सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से 23 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने की है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318(4), 308 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।



फरियादी बसंत कुमार मैदमवार

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार बसंत कुमार मैदमवार निवासी विनायक रेसिडेंसी ऑयल मिल के पास बैतूल, जो भारतीय स्टेट बैंक से हेड कैशियर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्होंने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि ठगी की शुरुआत 27 नवंबर 2025 को हुई, जब बसंत कुमार के मोबाइल पर एक वॉट्सऐप वीडियो कॉल आया। कॉल स्क्रीन पर दिल्ली पुलिस लिखा दिखाई दिया। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस अधिकारी बताया और दावा किया कि पीड़ित के आधार कार्ड से दिल्ली में एक सिम कार्ड जारी किया गया है, जिसका उपयोग ब्लैकमेलिंग और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गतिविधियों में हुआ है। ठगों ने पीड़ित को यह भी बताया कि उनके खिलाफ दिल्ली क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज की गई है और उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया है। उन्होंने लगातार कॉल करके बसंत कुमार को मानसिक रूप से डराया और गिरफ्तारी से बचने तथा खातों की जांच के बहाने पैसे ट्रांसफर करने को कहा। डर के कारण, बसंत कुमार ने 1 दिसंबर 2025 को अपने एसबीआई खाते से 13.50 लाख रुपए यस बैंक खाते में और 10 लाख रुपए फिनो बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। उन्हें इस ठगी का पता तब चला जब वे बैंक में गोल्ड लोन लेने पहुंचे और बैंक प्रबंधक ने उन्हें धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद, पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गंज थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डिजिटल अरेस्ट के पूर्व में भी आ चुके हैं मामले

गौरतलब है कि बैतूल जिले में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले सारणी क्षेत्र में भी इसी तरह का एक मामला सामने आया था, जहां पुलिस ने एक सेवानिवृत्त कोल कर्मी को ठगों के चंगुल से बचाकर 75 लाख रुपए की ठगी होने से रोका था। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई वैधानिक प्रक्रिया नहीं होती। कोई भी पुलिस या जांच एजेंसी फोन या वॉट्सऐप कॉल पर गिरफ्तारी की धमकी देकर पैसे नहीं मांगती। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी अनजान कॉल या संदेश से भयभीत न हों और साइबर ठगी की आशंका पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या साइबर क्राइम की वेबसाइड पर शिकायत दर्ज करें।

# कॉलेज चलो अभियान में लगभग एक हजार विद्यार्थियों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शासन के निर्देशानुसार जेएच कॉलेज द्वारा कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण में अभियान दल द्वारा प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में लगभग 30 शासकीय और अशासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में पहुंचकर कक्षा 12वी के लगभग 1 हजार विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। प्रथम चरण के अंतिम दौर में पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय बैतूल और संजीवनी स्कूल का भ्रमण किया गया। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न पहलुओं यथा- ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं, कौशल विकास पाठ्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न छात्र हितकारी योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई।

ज्ञातव्य हो कि जिले के अग्रणी महाविद्यालय जेएच कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में कुल 26 विषयों में अध्यापन सुविधा उपलब्ध है। पारंपरिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया सम्पन्न होती है, वहीं दूसरी ओर एआईसीटीई द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों बीबीए और बीसीए में प्रवेश हेतु तकनीकी शिक्षा संचलनालय के पोर्टल के माध्यम से प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया सम्पन्न होती है। शासन द्वारा पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, प्रतिभा किरण, गांव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, आवास योजना, मुख्यमंत्री मेधावी योजना इत्यादि के माध्यम से प्रतिभावान और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्र हितकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप शासन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण सुविधाओं के साथ महाविद्यालयों में अधोसंरचनात्मक सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अभियान दल द्वारा विद्यार्थियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर अगले चरण में आवश्यक परिवर्तन के लिए फीडबैक भी प्राप्त किया किया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनक्षी चौबे ने अभियान दल द्वारा प्रथम चरण प्रभावी रूप से आयोजित करने के लिए संयोजक प्रो राकेश कुमार पवार और उनके दल सदस्यों- प्रो दुर्गेश राने, प्रो मनेश मानेकर, प्रो संतोष पवार, डॉ. महेंद्र नावंगे, डॉ शारदा द्विवेदी, प्रो हितेश जैन, प्रो राज वाघमारे, डॉ. कंचन गुजरे, डॉ निहारिका भावसर, कीर्ति वराठे को बधाई देते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे प्रवेश पूर्व विद्यार्थियों को परिसर विजिट जरूर कराएं और महाविद्यालय में स्थापित हेल्प सेंटर के माध्यम से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करें।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

# सीएमएचओ ने टीकाकरण सत्रों का किया निरीक्षण



**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने 6 जनवरी को ग्राम डहरगांव एवं खेड़ी सांवलीगढ में टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। टीकाकरण सत्र पर सीएचओ, एएनएम उपस्थित पाई गईं। सीएमएचओ द्वारा ग्राम में टीकाकरण सत्र के निरीक्षण के दौरान ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस में आई महिलाओं से चर्चा कर ग्राम में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंणने उपस्थित हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लाभ एवं जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य एवं पोषण पर समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंषने टीकाकृत बच्चों एवं टीकाकरण पंजी चेक की। ग्राम खेड़ी सांवलीगढ के गांधी वार्ड आंगनवाड़ी केन्द्र में उपस्थित हितग्राहियों द्वारा उनके बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से जांच करने एवं बच्चों को समय पर टीकाकरण किए जाने पर कार्यरत सीएचओ एवं एएनएम की प्रशंसा की। सीएमएचओ ने सीएचओ एवं एएनएम को जनसमुदाय से जुडक़र बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। सीएमएचओ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेडी सांवलीगढ का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने समस्त स्टाफ को समय पर अस्पताल में उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा को खेडी सांवलीगढ में इसी माह से प्रसव केन्द्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### सबुह 10 से दोपहर 2 बजे तक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा

# मेंटनेंस के कारण बंद रहेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बिजली कंपनी द्वारा 7 जनवरी से 13 जनवरी तक अलग-अलग तिथियों में प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक 11 केव्ही लाइन का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को 11 केव्ही खंजनपुर फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक खंजनपुर, अर्जुन नगर, टेलिफोन कॉलोनी, विकास नगर, कालापाठा, दुर्गा वार्ड, कत्तलढाना, सुयोग कॉलोनी, सरस्वती स्कूल, डिपो रोड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 8 जनवरी को 11 केव्ही ग्रीन सिटी फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक विनोबा नगर, विवेकानंद वार्ड, भग्गू ढाना, खादी उद्योग के पास, ग्रीन सिटी, माचन नगर, हमलापुर चौक, फॉरेस्ट ट्रेंनिंग सेंटर, जज कॉलोनी, मांझी नगर, तिवारी पेट्रोल पंप के पास के क्षेत्र में तथा 9 जनवरी को 11 केव्ही गंज के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक आबकारी, सिंधी कॉलोनी, देना बैंक, लोहिया वार्ड, तेल टंकी, लक्की सेंटर, कांति शिवा टॉकीज, सेंट्रल बैंक, एसबीआई बैंक, मैकेनिक चौक, अग्रवाल पेट्रोल पंप, बीजेपी कार्यालय, डॉ मूले, गुरुद्वारा रोड, हाथी नाला, डॉ.लश्करे, बीएसएनल ऑफिस, पुलिस क्वार्टर हाउसिंग बोर्ड, गंज महाराष्ट्र बैंक में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी। 10 जनवरी को 11 केव्ही काला पाठा फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक लोहिया वार्ड, चुन्नी ढाना, राजेंद्र वार्ड, सिविल लाइंस, संजय कॉलोनी, मुर्गी चौक, शिवाजी वार्ड, स्वीपर कॉलोनी, जेएच कॉलेज रोड तथा 12 जनवरी दिन सोमवार को 11 केव्ही रामनगर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गर्ग कॉलोनी, अचलपुर नाका, रामनगर, पटवारी कॉलोनी, जयप्रकाश वार्ड, खखरा जामठी तथा 13 जनवरी को 11 केव्ही सोना घाटी फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक कोसमी फाटक, सोना घाटी, पॉलिटेक्निक कॉलेज आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन- 1 प्रबंधक ने बताया कि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### आज बदला जाएगा ट्रांसफार्मर, बंद रहेगी बिजली



**शाहपुर।** शाहपुर में आज 7 जनवरी को ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया जाना है। जिसके तहत आज बुधवार को प्रातः 11 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान 11 केवी फीडर से शाहपुर, पलासपानी, सिलपटी, भयावाडी, सोहागपुरधाना की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मध्यप्रदेश विद्युत कंपनी बिजली विभाग शाहपुर के अधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि शाहपुर में लाइट व्यवस्था को सुधार करने के लिए पुराने 3 मेगावाट के स्थान पर 5 मेगावाट का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। जिससे शाहपुर फीडर में विद्युत सप्लाई में सुधार होगा।



### काली पट्टी बांधकर दर्ज कराया विरोध

**बैतूल।** मध्यप्रदेश अजाक्स एवं समस्त पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक समाज के संगठनों के आव्हान पर मंगलवार को संपूर्ण मध्यप्रदेश में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराया। यह विरोध अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा (आईएएस) के समर्थन में किया गया। ज्ञात हो कि विगत दिनों संतोष वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा था कि जो लोग अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यकों के आरक्षण को समाप्त करने की बात करते हैं, उनसे कहना चाहता हूं कि जातियां खत्म कर दो, हम आरक्षण खत्म कर देंगे।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आमजन की सुनीं समस्याएं

# प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से करें निराकरण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पेंशन, आवास, बिजली, पानी, भूमि विवाद सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। इस दौरान कलेक्टर ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बैतूल मुख्यालय के टिकारी निवासी रोशनी कुंभारे ने सीमांकन के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित पटवारी को



तत्काल सीमांकन करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि जनसुनवाई आम नागरिकों को राहत देने का प्रभावी माध्यम है। संबंधित विभागीय अधिकारी प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समय पर समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर विभागीय जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण हटाकर कब्जा दिलाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम आमला निवासी आवेदक ने भूमि का कब्जा दिलाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने भैंसदेही एसडीएम को तत्काल अतिक्रमण हटाकर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। बैतूल के लोहिया वार्ड निवासी उदय चौधरी ने आवेदन के माध्यम से स्कूल प्रिंसिपल द्वारा टीसी नहीं दिए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के डीईओ को टीसी दिलाने के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम लाखापुर निवासी नंदकिशोर खाचरे ने आवेदन के माध्यम से अंश के अनुसार बटवारा आदेश नहीं किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के ग्राम चोरनी निवासी दिनेश धुर्वे ने अनावेदको के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

### जन्म प्रमाण पत्र बनाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम चिखलीखुर्द निवासी कमलेश उबनारे ने शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को रोकने और कार्रवाई किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने मुलताई के संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। भैंसदेही के इंदिरा गांधी वार्ड निवासी कृष्णा बघेल ने जन्म प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जन्म प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। ग्राम बासनेरकला निवासी शशिकांत धाडसे ने सोसायटी के ऋण में छूट मिलने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के ग्राम जसोंदी निवासी अभिनय ने खेत के नक्शे को सुधारने के लिए आवेदन दिया।

**CHANGE OF NAME**

I, NO.- JC 857034N Rank-SUB Name- **KEVAL PAWAR** is Legally father of **RUDRA KUMAR** resident at Vill.- Dunawa Post- Dunawa, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP) Pin-460663, have changed my Son's Name from **RUDRA KUMAR** to **RUDRA KUMAR PAWAR** vide affidavit dated-06/01/2026 before Notary Betul Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I, **SHITAKSHI** is a legal daughter of No. 14414243A Rank- EX HAV **DHARMANDRA** resident of House No- 22, Vill.- Gandhi Ward, Kothibazar, PO- Kothibazar, Teh.- Betul, Distt.- Betul (MP), Pin-460001, have changed my Name from **SHITAKSHI** to **SHITAKSHI SHRIVAS** with date of birth 30-09-2006 (Thirty September Two Thousand Six) vide affidavit dated 06/01/2026 before notary Betul, Distt.- Betul (MP)

### 14 वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर दी जान

**सोहागपुर।** शास्त्री वार्ड निवासी एक 14 वर्षीर बालिका ने सोमवार शाम घर में फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। मंगलवार को पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया है।

मामले में सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार 14 वर्षीय बालिका के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार बालिका के पिता की बाजार क्षेत्र में दुकान है। तथा वे सोमवार शाम लगभग चार बजे अपने बेटे को कोचिंग छोड़ने गए थे तथा उनकी पत्नी दुकान पर थी। फरियादी बेटे को कोचिंग छोड़कर दुकान पहुंचे। शाम लगभग 5:30 बजे फरियादी की पत्नी जब घर पहुंची तो उसने देखा कि बेटी ने घर के पिछले कमरे में चुनरी से फांसी लगा ली है।

फरियादी की पत्नी ने तुरंत अपने पति को मामले की सूचना दी तथा वे घर पर पहुंचे एवं बेटी को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने बालिका को मृत घोषित किया। बताया जाता है कि 14 वर्षीय मृतिका शहर के सेंट पैट्रिक स्कूल की छात्रा थी। जांच अधिकारी पुलिस एसआई मेघा उदेनिया ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर इसे परिजनों को सौंपा गया है।

## संभाग में शीतलहर का रबी की फसलों पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव, किसान परेशान

# मौसम की दोहरी मार, गेहूं की फसल में निखार चने पर इल्ली का वार, अगले 48 घंटे महत्वपूर्ण

सर्द मौसम मानवों के साथ फसलों पर भी अनुकूल और प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। मौसम के प्रभाव से गेहूं खिल रहा है वहीं चना की फसल में इल्लियां लग रही है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम संभाग सहित इटारसी क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जारी शीतलहर और कड़ाके की ठंड ने रबी की फसलों पर अपना गहरा असर दिखाना शुरू कर दिया है।

जहां एक ओर यह मौसम गेहूं उत्पादक किसानों के लिए अमृत बनकर आया है, वहीं दूसरी ओर चना उत्पादकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं।

### गेहूं के लिए वरदान साबित हो रही कड़ाके की ठंड

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, वर्तमान में जो तापमान न्यूनतम 7-10 डिग्री सेल्सियस चल रहा है, वह गेहूं की फसल की बढ़वार के लिए सबसे उपयुक्त है। ठंड के कारण गेहूं के पौधों में फुटाव अधिक होता है। जितनी ज्यादा ठंड पड़ेगी, दाना उतना ही पुष्ट और वजनदार बनेगा। किसानों का मानना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा, तो इस बार गेहूं की बंपर पैदावार हो सकती है।

### चने पर इल्ली का साया, किसानों की बढ़ी धडक़नें

गेहूं के विपरीत, चने की फसल के लिए यह मौसम चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। कोहरे और हवा में बढ़ी नमी ने कीटों के अनुकूल वातावरण तैयार कर दिया है। बादलों और नमी वाले मौसम में फली छेदक इल्ली का प्रकोप तेजी से बढ़ता है। क्षेत्र के कई खेतों में चने के पौधों पर शुरुआती इल्लियां देखी गई हैं, जो कोमल पत्तियों और फूलों को नुकसान पहुंचा रही हैं।

### अगले 48 घंटे महत्वपूर्ण

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दो दिनों तक शीतलहर का प्रभाव जारी रह सकता है। पाला गिरने की स्थिति में किसानों को खेतों की मेड़ों पर धुआं करने की सलाह दी गई है

### कृषि विशेषज्ञों की यह है सलाह

कृषि विभाग और जानकारों ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। गेहूं में हल्की सिंचाई करें और यूरिया की उचित मात्रा का प्रयोग करें। चना के खेतों की नियमित निगरानी करें। पक्षियों के बैठने के लिए टी आकार की खूंटियां लगाएं। इल्ली का प्रकोप दिखने पर इमामेक्टिन बेंजोएट या प्रोफेनोफॉस जैसे कीटनाशकों का विशेषज्ञों की सलाह पर छिड़काव करें। विशेषज्ञ का मत है कि वर्तमान मौसम गेहूं के लिए टॉनिक जैसा है, लेकिन चने के किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है। कोहरे के कारण फफूंद जनित रोगों का भी खतरा रहता है, इसलिए सुबह के समय खेतों का निरीक्षण अवश्य करें।

## चाइनीज मांझे की बिक्री पर नजर, केसला सुखतवा के बाजार में दी सख्ती से हिदायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मकर संक्रांति के त्योहार पर पतंगबाजी के दौरान होने वाले हादसों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। मंगलवार को पुलिस टीम ने केसला और सुखतवा बाजार क्षेत्र का औचक भ्रमण कर पतंग एवं मांझा विक्रेताओं के यहां सघन जांच अभियान चलाया।

चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंधजांच के दौरान पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों के स्टॉक की जांच की और स्पष्ट निर्देश दिए कि चाइनीज मांझा का विक्रय किसी भी स्थिति में न किया जाए। पुलिस ने समझाया कि यह मांझा न केवल इंसानों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा है, बल्कि आकाश में उडने वाले बेजुबान पक्षियों के लिए भी काल साबित होता है। प्रशासन ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी है कि चाइनीज मांझा बेचना या उसका भंडारण करना एक गंभीर अपराध है। यदि कोई भी नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया, तो उस पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा बल्कि कानूनी कार्रवाइ भी की जाएगी।

आगामी मकर संक्रांति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने अभिभावकों और युवाओं से भी संवाद किया। उन्होंने अपील की है कि स्वदेशी सूती धागे का ही उपयोग करें, छोटे बच्चों को अकेले पतंग न उड़ाने दें, किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा मानकों का पालन करें।

### राईस मिल के हादसे में युवती की मौत

**इटारसी।** लोहारिया तारारोडा मार्ग पर स्थित एक राईस फ्लोर मिल में हुए हादसे में कार्यरत महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कार्य करते वक्त महिला घटना का शिकार हुई है जिससे उसकी मौत हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर महिला शव को पोस्टमार्टम के लिये सरकारी अस्पताल भेजा है।

## अल्पसंख्यकों पर किए जा रहे अत्याचार के विरोध में इटारसी में सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बांग्लादेश में भारतीय मूल के नागरिकों और हिंदू समाज पर हो रहे निरंतर हमलों, हत्या और आगजनी की घटनाओं के विरोध में मंगलवार को इटारसी के वरिष्ठ नागरिकों ने हुंकार भरी। मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक संघ पुरानी इटारसी और विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा।

रिटायर्ड एकाउंटेंट प्रेम नारायण मालवीय ने बताया कि पड़ोसी देश में हो रहे जुल्म के खिलाफ एकजुट होना आवश्यक है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, विद्युत पेंशनर संघ के अध्यक्ष जी.डी. पाटिल, राजेंद्र दिवान, दिनेश दुबे और शिवचरण चौधरी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

संगठन के सदस्यों ने अभी नहीं तो कभी नहीं का नारा देते हुए भारत सरकार से इस मामले में कड़े कदम उठाने की मांग की है।

इस अवसर पर बी.एल. कैथवास, राजेंद्र चौधरी, शिवगोबिंद महतो और छोटे भैया चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## नगर पालिका में जल विभाग की बैठक संपन्न, सभापति गीता पटेल बोलीं- प्रत्येक नागरिक तक पर्याप्त और साफ पानी पहुंचाना नपा की प्राथमिक से है जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार को नगर पालिका परिषद इटारसी में जल विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा एवं जल सभापति गीता देवेन्द पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान शहर की संपूर्ण जल व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता तथा न्यास कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में आ रही गंदे पानी की शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया गया।

जल सभापति गीता देवेन्द्र पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक नागरिक तक पर्याप्त और साफ पानी पहुंचाना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिन स्थानों पर दूषित एवं बदबूदार पानी आ रहा है, वहां तत्काल जांच कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से न्यास कॉलोनी में जल गुणवत्ता को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों पर पूरा ध्यान दिया जाए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर किसी भी प्रकार का विपरीत प्रभाव न पड़े।




मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने कहा कि पानी वितरण प्रणाली को और अधिक व्यवस्थित करना आवश्यक है। पाइपलाइन, चैंबर सफाई, टंकियों की नियमित मॉनिटरिंग और फिल्टर प्लांट की कार्यक्षमता पर निरंतर निगरानी रखी जाए। उन्होंने बैठक में मौजूद जल विभाग की टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि न्यास कॉलोनी में आ रहे गंदे पानी की समस्या का कारण खोजकर अति शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें और नई पाइपलाइन से जोड़ने के कार्य को समय–सीमा में पूरा करें। बैठक में यह भी तय किया गया कि शहर के सभी वार्डों में जल आपूर्ति का रूट प्लान पुनः देखा जाएगा। जहां आवश्यकता होगी, वहां वाल्व, मोटर एवं लाइन सुधार के कार्य कराए जाएंगे।

नागरिकों को शुद्ध जल मिले, पानी व्यर्थ न बहे और वितरण में समानता रहे—इन बिंदुओं को आधार बनाकर आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल व्यवस्था में सुधार के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित होंगी और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से हर क्षेत्र में स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

जल सभापति गीता देवेन्द्र पटेल एवं नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने नगरवासियों से अपील की कि वे जल विभाग के कार्यों में सहयोग दें, ताकि घर–घर साफ पानी पहुंचाने का संकल्प पूरा किया जा सके।

## छीतापुरा के किसानों से संवाद कर किसान कांग्रेस की यात्रा प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस की प्रदेशव्यापी किसान जन जागरण यात्रा का नर्मदापुरम जिला किसान कांग्रेस द्वारा दूसरे दिन की यात्रा का प्रारंभ हुआ।

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने बताया कि यात्रा के दूसरे दिन छीतापुरा में किसानों से संवाद कर शुरुआत की गई जहां स्थानीय व किसानी समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला अध्यक्ष हेमू कश्यप, जनपद सदस्य विजय कांवरे, प्रकाश यादव, रमेश यादव, राकेश यादव, सरवन ऊईके, सतीश चौधरी आदि की उपस्थिति रही।

दूसरे दिन की यह जिला किसान कांग्रेस की किसान जन जागरण यात्रा केसला ब्लॉक के छीतापुरा,भोवदा रैयत, पिपरिया खुर्द, अमराई, बोरखेड़ा, मानाटेकर, कोहदा, लालपानी, भातना, रांझी से सिवनी मालवा ब्लॉक के नयागांव, केवलाझिर, नरी, मालापाट, नंदरवाड़ा, खल, खारदा, भमेडी पहुंचकर यात्रा का विश्राम दूसरे दिन का हुआ।

## जाड़ों की नर्म धूप और सर्द हवाओं का लगा पहरा चाय की चुस्कियों के संग गर्म पकोड़ों का जायका

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तीन दिनों के लंबे इंतजार और बादलों की लुका-छिपी के बाद आज इटारसी के आंगन में कुदरत ने अपनी सुनहरी चादर बिछाई। आसमान साफ होते ही गुनगुनी धूप खिली, तो शहर का मिजाज भी कुछ शायराना हो गया। मशहूर शायर गुलजार के लफ्जों की तरह आज हर कोई बस यही कहना चाह रहा था

**जाड़ों की नर्म धूप और आंगन में लेट कर:** धूप की दस्तक, पर हवाओं में नश्तरआज सुबह जब सूरज की पहली किरण ने इटारसी को छुआ, तो लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। पिछले तीन दिनों से छाई धुंध और बादलों के बाद खिली यह धूप इतनी भली थी कि



लोग अपने घरों की छतों और आंगनों में वक्त गुजारते नजर आए। लेकिन, इस सुकून के बीच बर्फीली हवाओं ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराना नहीं छोड़ा। ठंड से बचने अनेक लोगों ने गर्म कपड़ों में लिपटे हुए भी अलाव का सहारा लिया।

**मौसम का गणित, मद्धम रही पारे की चाल:** धूप में चमक तो थी, पर तासीर में वो तपिश नहीं आ पाई जो ठंड को पूरी तरह मात दे सके। उत्तरी हवाओं के चलते पारे की चाल सुस्त बनी रही, जिसके कारण दिन भर हल्की कंपकंपी का अहसास होता रहा। धूप का अहसास सुहाना और सुकून देने वाला, हवाओं का मिजाज बर्फीली और मद्धम, शहर का हाल धूप सेंकते लोग, पर गर्म कपड़ों की ओट बरकरार रही।

**फिजा में ठंडक, दिलों में गर्माहट:** ठंडी हवाओं ने धूप के असर को थोड़ा फीका जरूर किया, लेकिन लोगों के उत्साह में कमी नहीं आई। चाय की चुस्कियों और गर्म पकोड़ों के दौर के साथ शहरवासियों ने इस सुनहरी दोपहर का जमकर लुत्फ उठाया। शाम ढलते ही बर्फीली हवाओं के तेवर फिर से सख्त होने की उम्मीद है, इसलिए फिलहाल गर्म कपड़ों से दूरी बनाना जल्दबाजी होगी।

## विधायक विजयपाल सिंह ने की सीएम डॉ. मोहन यादव से भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने मंगलवार को भोपाल स्थित वल्लभ भवन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की।

इस अवसर पर उन्होंने सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विधायक विजयपाल सिंह ने सोहागपुर क्षेत्र से संबंधित जनहित के मुद्दों, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने व नव विकास योजनाओं को गति देने संबंधी प्रस्ताव सीएम के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री यादव ने सभी विषयों पर मार्गदर्शन दिया। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंटकर उन्हें क्षेत्र के विकास को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

जिससे आगामी समय में विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। इस अवसर पर पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं सांसद प्रतिनिधि आकाश तिवारी भी उपस्थित रहे।

## 15 दिन में मिलेगा स्वच्छ पानी, सीएमओ रितु मेहरा ने दी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्यास कॉलोनी में दूषित जल आपूर्ति और गंदगी की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने मंगलवार को अपनी पूरी टीम के साथ क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ ने स्पष्ट किया कि अगले 10 से 15 दिनों के भीतर नई पाइपलाइन चालू कर दी जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को स्थायी रूप से स्वच्छ पेयजल मिलना शुरू हो जाएगा।

**अतिक्रमण पर सख्त रुख**

निरीक्षण के दौरान सीएमओ रितु मेहरा ने पाया कि कई रहवासियों ने नालियों के चैंबरों पर अतिक्रमण कर उन्हें घरों के अंदर कर लिया है, जिससे सफाई में बाधा आ रही है।



उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों को काम करने से रोका गया, तो दंडात्मक कार्रवाई और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

**जनप्रतिनिधियों ने उठाई मांग**

मौके पर मौजूद जल सभापति गीता देवेंद्र पटेल और वार्ड पार्षद अमृता मनीष ठाकुर ने अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं से अवगत कराया। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नई पाइपलाइन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, वहीं पार्षद ने गंदे पानी से फैलने वाली बीमारियों पर चिंता जताते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की।

**टीम वर्क से होगा सुधार**

जल विभाग प्रभारी आदित्य पांडे ने बताया कि जर्जर लाइनों को बदलने का काम युद्धस्तर पर जारी है। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी मयंक अरोड़ा ने जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता अभियान चलाने की बात कही। निरीक्षण दल में अभियंता मीनाक्षी रावत सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### गोविंद सिंह प्रकाश पर्व पर किया अटूट लंगर आयोजन



**सोहागपुर।** सिख समाज के गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर प्रतिवर्ष सोहागपुर क्षेत्र में सिख समाज द्वारा प्रसन्नता पूर्वक आयोजन किए जाते हैं। इस दौरान अटूट लंगर का आयोजन भी किया जाता है। इस वर्ष भी गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व के अवसर पर अटूट लंगर आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में सुबह 11 बजे पाठसाहिब किया गया तथा विश्राम पर अरदास की गई। सिख समाज के धर्मगुरु ज्ञानी सुरजीत सिंह एवं सामाजिक नागरिक प्रतिपाल सिंह खनूजा ने बताया कि गुरुनानक पब्लिक स्कूल परिसर में अटूट लंगर आयोजित किया गया।

## ग्राम सोनतालाई में जारी संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा

# आध्यात्मिक पथ परअडिग रहकर जीवन में पाएं सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्राम सोनतलाई में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव के तृतीय दिवस पर कथा व्यास युवा आचार्य पंडित सौरभ दुबे ने धर्म की महत्ता और मानवीय मूल्यों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य की पहचान उसके धर्म से होती है, और धर्म परिवर्तन करने वाला व्यक्ति अपनी मूल पहचान खो देता है।

### धर्म परिवर्तन पर कड़ा संदेश

आचार्य श्री ने कहा कि जिस धर्म में हमने जन्म लिया है, उसी में जीवन व्यतीत करना चाहिए। धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति को न



तो उसका पुराना समाज अपनाता है और न ही नया समाज उसे पूरी तरह मन से स्वीकार करता है। ऐसे में व्यक्ति की सामाजिक पहचान शून्य हो जाती है। उन्होंने जोर दिया कि आध्यात्मिक पथ पर अडिग रहने वाले लोग ही जीवन में सफल होते हैं।

### राम नाम और गौ सेवा का महत्व:

कथा के दौरान आचार्य दुबे ने राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि स्वयं भगवान शिव भी राम नाम का ही जप करते हैं और यही नाम जीव की मुक्ति का मार्ग है। इसके साथ ही उन्होंने गौवंश की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भारतवर्ष की भूमि से गौ माता विलुप्त हो गई, तो धर्म भी विलुप्त हो जाएगा।

आधुनिकता की दौड़ में हमें अपने सेवा और सम्मान के मानवीय मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए।कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान लक्ष्मी नारायण यादव एवं परिवार ने व्यास पीठ का पूजन कर आचार्य श्री का स्वागत-सम्मान किया।

### न्यायालय में किया 'आज रक्षा करें, कल सुरक्षित करें' शिविर आयोजन

**सोहागपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार न्यायालय में 'आज रक्षा करें, कल सुरक्षित करें' शीर्षक के अंतर्गत वैचारिक विमर्श शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस सोहागपुर न्यायालय में भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश अनुसार प्रभारी अधिकारी अध्यक्ष संगीता डाबर मौर्य के मार्गदर्शन में चर्चा शिविर किया गया।

## अधिवक्ता भूरे सिंह किए प्रथम अपर सत्र न्यायालय में लोक अभियोजक मनोनीत

### शासन की तरफ से पीड़ितों को न्याय दिलाने में रहे आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कलेक्टर सोनिया मीणा द्वारा अपर लोक अभियोजक भूरे सिंह भदोरिया को प्रथम अपर सत्र न्यायालय में अपर लोक अभियोजक मनोनीत किया गया है। इसके पूर्व प्रथम न्यायालय में यह कार्य सत्यनारायण चौधरी देखते थे।

वही दूसरी ओर सत्यनारायण चौधरी को तृतीय सत्र न्यायालय में राजीव शुक्ला के स्थान पर नियुक्त किया गया है। भूरे सिंह भदोरिया अब शासन की ओर से न्यायालय में संपूर्ण सिविल प्रकरण के साथ ही प्रथम न्यायालय में क्रिमिनल केस भी शासन की ओर से लड़ेंगे। आपको बता दे कि श्री भदौरिया द्वारा पूर्व में कई गंभीर मामलों में सटीक पैरवी कर अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे कैद करा दिया है।

कई ऐसे घिर मामलों में उन्होंने शासन की तरफ से पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी है। कई अपराधी उनके द्वारा की गई सटीक पैरवी से आजीवन कारावास की सजा जेल में काट रहे है।

// आम सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भवन / भूखंड / दुकान प्रियदर्शनीय नगर श्रीमति मधुलिका डोंगरे पति कैलाश डोंगरे के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्रीमति शिवानी मंडल पति मंगल मंडल अपने नाम नामान्तरण कराना चाहती हैं। उक्त भवन / भूखंड / दुकान का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत

**हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। ग्राम जामली के पास हुई यह घटना तब हुई जब दोनों सोमवार शाम को हरदा से हम्माली कर अपने गांव लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार बाइक एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक सवार दोनों युवक सड़क किनारे एक खेत में जा गिरे। सिर में गंभीर चोटें लगने और रातभर ठंड में पड़े रहने के कारण उनकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह एक खेत मालिक ने अपने खेत के पास बाइक और दो युवकों के शव देखे, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन थाने के एएसआई संजय ठाकुर ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के मोबाइल फोन से उनके परिजनों को बुलाया। मृतकों की पहचान ग्राम काकड़दा निवासी रेवाशंकर पिता रामभरोस कलम (26) और करनपुरा निवासी मुकेश उर्फ गुलकेश पिता रामकरण कलम (24) के रूप में हुई है। दोनों सोमवार शाम को हरदा से काम खत्म कर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के सोमवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के पीलियाखाल, बड़ी नहर हरदा, दूध डेयरी मोहल्ला, सकूर कॉलोनी, टिमरनी, छिदगांव व पिपलियाकला में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 17 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 500 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया कर 8 प्रकरण दर्ज किए।

### पाले से फसलों की सुरक्षा के लिए किसानों को सलाह

**हरदा।** जनवरी माह में शीतलहर का दौर जारी है। शीतलहर के कारण पौधे की पत्तियां व फूल झुलस जाते हैं तथा बाद में झड़ जाते हैं। उप संचालक कृषि जेएल कास्दे ने बताया कि शीतलहर का अत्यधिक असर दलहनी-तिलहनी, धनिया, मटर व आलू की फसलों पर पड़ता है। रात के समय तापमान 4-5 डिग्री या इससे कम होता है तब धरातल के आसपास व फसलों-पौधों की पत्तियों पर बर्फ की पतली परत जम जाती है। इसी परत को पाला कहते हैं। पौधों की पत्तियों पर पाले का प्रकोप रात 12 से सुबह 4 बजे के बिच अधिकांश होता है। पाले से प्रभावित फसल व पौधों की पत्तियों पर पानी की बूंद जमा हो जाती है, पत्तियों की कोशिका भित्ती फट जाती है जिससे पत्तियां सूखकर झड़ने लगती है।

### वन्य जीवों की सुरक्षा व शिकार से बचाव के लिए चलेगा ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप-2

**हरदा।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे ने वन्य-जीवों की सुरक्षा एवं शिकार से बचाव के लिए 10 जनवरी से 15 फरवरी तक ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप-2 चलाए जाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में वाइल्ड ट्रैप-2 में कार्यवाही करने के लिए प्रदेश में 9 टाइगर रिजर्व, 63 सामान्य वन मण्डल एवं 11 परियोजना मंडलों ने वन्य-जीवों के अवैध शिकार के शिकारियों तथा मांस के शौकीन व्यक्तियों द्वारा अपनाए जाने वाले फंदा, विद्युत करंट, स्नेयर ट्रैप, खटका जैसे साधन से शिकार करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन वाइल्ड लाइफ-2 चलाया जाएगा।

### रवि विरहा ने जीता रजत पदक

**सीहोर।** स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप–2026 का आयोजन 4 जनवरी को भेल स्पोर्ट्स परिसर, भोपाल में किया गया। इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर के मास्टर्स वर्ग के शीर्ष एथलीटों ने सहभागिता कीइस प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने 60+ आयु वर्ग की शॉट पुट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8.50 मीटर की थ्रो के साथ रजत पदक अर्जित किया।

## बोर्ड परीक्षा परिणामों में कमजोर प्रदर्शन करने पर शिक्षक होंगे पदावनत

# स्वयं के बच्चों की तरह विद्यार्थियों को शिक्षित करें अध्यापक : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने की शिक्षकों से अपेक्षा करते हुए कहा है कि वे निरन्तर प्रयास कर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में सुधार लाएं, जिन विषयों में विद्यार्थी कमजोर हैं, उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें।

बोर्ड परीक्षाओं में प्री बोर्ड के प्रश्न पत्र सम्पन्न होने के बाद विद्यार्थियों से कमजोर विषयों पर अवश्य चर्चा करें एवं उनको बेहतर तरीके से प्रश्न पत्र हल करने के टिप्स दें। उन्होंने कहा है कि आगामी बोर्ड परीक्षाओं में कमजोर परीक्षा परिणाम लाने वाले शिक्षकों को पदावनत करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए कमजोर परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के शिक्षकों को अभी से नोटिस जारी किए जाएं।

मंगलवार को आयोजित शिक्षा विभाग के मैदानी अधिकारियों व संकुल प्राचार्यों की बैठक में कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले के किसी भी स्कूल का कमजोर परीक्षा परिणाम स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ पूरी तल्लीनता के साथ मेहनत करना जरूरी है। हमारा प्रयास हो कि कोई भी विद्यार्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण न रहे। प्रत्येक शिक्षक अपने विद्यार्थियों को उसी तरह से पढ़ाएं जैसे वह स्वयं के बच्चों को शिक्षित करता है। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के तहत संचालित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होने कहा कि 5 से 8 वीं कक्षाओं में अध्ययनरत दृष्टिदोष से पीड़ति विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया जाए एवं उन्हें निःशुल्क चश्में प्रदाय किये जायें। उल्लेखनीय है कि जिले में 8 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों का पूर्व में ही नेत्र परीक्षण कराकर निःशुल्क चश्में प्रदाय किये जा चुके है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में शिक्षकों की ई-अटेण्डेंस की स्थिति की भी समीक्षा की गई। साथ ही स्मार्ट क्लास, 12 जनवरी को आयोजित होने वाले सूर्य नमस्कार, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं साइकिल वितरण जैसी योजनाओं की प्रगति से भी कलेक्टर अवगत हुए। शिक्षकों के लंबित पेंशन प्रकरणों की स्थिति की भी बैठक में जानकारी दी गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग रवि कन्नौजिया, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त सिंह पटेल सहित शिक्षा विभाग के मैदानी अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हरदा निवासी निर्मला बाई ने कलेक्टर को आवेदन देकर अपने पति की मृत्यु पर अंत्येष्टी सहायता व सम्बल कार्ड की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। हरदा निवासी बिजलीबाई ने पट्टे पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम छीरपुरा निवासी कान्ताप्रसाद ने आवेदन देकर अपने मकान पर जाने आने के लिये रास्ते की मांग की, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में भोलू सैनी निवासी खिरकिया ने कचरा वाहन रिपेयरिंग की राशि का भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरकिया को प्रकरण की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम बैड़ी निवासी बलराम शर्मा व राहुल जाट ने सोयाबीन फसल की राहत राशि न मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

# कलेक्ट्रेट के सामने परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन, समझाइश दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सामने एक व्यक्ति के परिजनों ने शव रखकर प्रदर्शन किया। परिजनों ने मृतक को टक्कर मारने वाले वाहन चालक का पता लगाकर कार्रवाई करने और परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। सूचना मिलने पर एसडीएम अशोक डेहरिया और सिटी कोतवाली टीआई रोशनलाल भारती मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाइश दी, जिसके बाद करीब आधे घंटे बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। जानकारी के अनुसार, शहर की सकुर कॉलोनी निवासी संतोष पिता किशोरीलाल सेजकर (47) की सोमवार दोपहर करीब तीन बजे हंडिया थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। एक कार चालक उसे जिला अस्पताल छोड़कर गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद पुलिस ने उसके मोबाइल से परिजनों का पता लगाया था। मृतक के पिता किशोरीलाल सेजकर ने बताया कि उनके बेटे की तीन बेटियां हैं। उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की, क्योंकि परिवार में कमाने वाले व्यक्ति की मौत हो गई है। साथ ही, टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। इस मामले पर एसडीएम अशोक डेहरिया ने बताया कि सोमवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम किया गया था। उन्होंने कहा कि नियमानुसार पीड़ित परिवार को शासन स्तर से सहायता राशि या अन्य मदद प्रदान की जाएगी।

# भारतीय किसान संघ की सभी मांगों पर बनी सहमति, धरना हुआ समाप्त

**रहटगांव।** क्षेत्र की आम जन से लेकर किसानों की समस्या और क्षेत्र से जुड़ी हुई कई महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ का धरना चल रहा था।



अनिश्चितकालीन धरने के दूसरे दिन मंगलवार को अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। मंगलवार दोपहर बाद टिमरनी एसडीएम संजीव कुमार नागु, पीडब्ल्यूडी विभाग से के एन प्रजापति, बिजली विभाग से उपयंत्री तरुण वर्मा, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, डीएमओ से अधिकारी एवं गंजाल मोरण परियोजना के अधिकारी मौजूद रहे। टिमरनी कृषि विस्तार अधिकारी वीरेंद्र साहू मौके पर मौजूद रहे। एसडीएम ने तत्काल ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आदेश किया। डीएमओ के लिए तत्काल जमीन उपलब्ध कराने के आदेश योगेंद्र मालवीय को दिए। इसके उपरांत शीघ्र गोदाम बनाया जाए। इस दौरान किसान संघ द्वारा विभिन्न समस्याओं को अलग-अलग विभाग के माध्यम से रखी गई। जिस पर समस्त विभाग द्वारा अपने-अपने हिसाब से उक्त समस्या का निराकरण शीघ्र करने की बात बताई गई। वहीं डेम बनने मे विलंब हो रहा है, इस संबंध में किसान संघ ने मांग रखी जिस पर मोरन गजाल परियोजना, नर्मदा घाटी अनुविभागीय के अधिकारी सिवनी मालवा (एसडीओ) ने बताया, कि फारेस्ट विभाग से पर्यावरण की स्वीकृति 8 से 10 दिनों के आने के बाद डेम का काम शुरू हो जाएगा। ज्ञापन के मुख्य विषय है जिसमें बीमा में हो रही लेटलतीफी ,भावांतर में किसानों के साथ हो रहा छल नहीं किया जाएगा। रहटगांव तहसील में धान की खरीदी सीमा बढ़ाई जाए। सरकारी खेतों के रास्तो का सीमांकन रोवर मशीन से किया जाए। रहटगांव तहसील क्षेत्र बड़ा एरिया है इसलिए यहां मुख्यालय के लिए एक आर ई की नियुक्ति की जाये। नजरपुरा से झाड़बीड़ा रोड का शीघ्र निर्माण प्रारंभ किया गया। सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया, जिसमें शासकीय अधिकारियों द्वारा सहमति दी गई। भारतीय किसान संघ तहसील के अध्यक्ष दीपक पटेल ने बताया कि जनहित के मांगों के अलावा किसानों की समस्यायों से संबंधित मांगे रखी थी, जिसमें तहसील रहटगांव के किसान बड़ी संख्या में पहुंचे थे। वहीं धरना मंगलवार को स्थगित किया गया।

## ठंड का ऑरेंज अर्लट: दो दिन से कड़ाके की ठंड

**सीहोर।** जिले में सोमवार सुबह सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटकर लगभग 15 मीटर रह गई, जिससे एक इमारत से दूसरी इमारत को देख पाना मुश्किल हो गया। जिले में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले रविवार को न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस था। हवाएं 3 से 4 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलीं। घने कोहरे के कारण सूर्योदय के बाद भी सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच सकीं। पूरे जिले में कोहरे की चादर छाई रही, जिससे आसपास की वस्तुएं भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थीं। मौसम विभाग का यह अनुमान सही साबित हुआ कि सीहोर जिला घने कोहरे की चपेट में रहेगा। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि उत्तर दिशा से आ रही ठंडी और बर्फीली हवाओं के कारण यह घना कोहरा छाया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आसमान में बादलों की सघनता धीरे-धीरे बढ़ रही है। डॉ. तोमर के अनुसार, बादलों की बढ़ती सघनता के कारण चने की फसल में इल्ली का प्रकोप होने की आशंका है।

# नागरिकों को प्रदाय होने वाले पेयजल की जांच सुनिश्चित की जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों की विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की। टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि



नागरिकों को प्रदाय किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन का दायित्व है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पेयजल पाइपलाइन की शुरुआत से लेकर टेल एंड तक विभिन्न स्थानों से नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जाएं और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल पहुंच सके।

## रुपए के लेनदेन में पन्नी बीनने वाले ने की थी व्यक्ति की हत्या

**हरदा।** जिला अस्पताल परिसर में 6 दिन पहले 31 दिसंबर की रात एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को पन्नी बीनने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शव की पहचान हरिभजन उर्फ हरिप्रसाद (45) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 31 दिसंबर की रात अस्पताल परिसर में एक शव मिला था। वार्डबॉय ने उसे डॉक्टरों को दिखाया, जिन्होंने उसे मृत घोषित कर दिया। अगले दिन मृतक हरिभजन उर्फ हरिप्रसाद, जो शुक्ला कॉलोनी के शंकर मंदिर के पास का निवासी था, का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि मृतक हरिप्रसाद अस्पताल परिसर के आसपास ही घूमता रहता था। जांच के दौरान पता चला कि रुपयों के मामूली विवाद को लेकर हरिप्रसाद का चेतराम उर्फ राम बंजारा (निवासी प्रज्ञा नगर) से झगड़ा हुआ था। चेतराम पन्नी बीनने का काम करता है। इस झगड़े में हुई मारपीट के कारण हरिप्रसाद की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी और मृतक की पहले से जान-पहचान थी। घटना स्थल के आसपास लगे कैमरों में आरोपी चेतराम मृतक के साथ मारपीट करता दिखाई दिया है। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने चेतराम के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## पुष्पवाटिका मिलन की सुंदर लीला का मंचन किया

# दुष्टों का नाश करने के लिए श्रीराम ने जन्म लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बालेश्वर धाम ग्राम बालागांव में आयोजित रामलीला के दूसरे दिन रामलीला मंचन में श्री राम जन्म का एव पुष्पवाटिका की लीला दिखलाई गई। लीला का प्रारंभ राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ जी के पास जाना, वशिष्ठ जी द्वारा श्रृंगी ऋषि द्वारा शुभ पुत्र कामेष्ठि यज्ञ करवाना। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर खीर प्रदान करना। राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर प्रदान करना और खीर खाकर तीनों रानियों का गर्भवती होने की लीला हुई। भगवान राम के साथ तीनों भाईयों के जन्म लेते ही राजा दशरथ और रानी कौशल्या बड़े ही उत्साहित थे। अवध में चारों ओर बधाई गान गाए गए। कौशल्या जायो लल्ला, अवध में मचो हल्ला, अवध में जनमे रघराई, कौशल्या रानी दे दो बधाई। राजा दशरथ के पूरे परिवार, इष्ट मित्रों के साथ बधाई गान गाए। महिलाओं ने भी नृत्य कर भगवान के जन्म की बधाईयां दी। ग्राम वालागांव में चारों भाइयों का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्रीराम के जन्म एवं पुष्पवाटिका लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया।

मंचन के दौरान कलाकारों ने संवाद, वेशभूषा और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से प्रसंगों को इतने सजीव रूप में प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। जैसे ही राम जन्म का दृश्य मंचित हुआ, दर्शकों ने जयकारों के साथ तालियाँ बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इसके बाद प्रस्तुत किया गया पुष्पवाटिका खेल का प्रसंग, जिसमें माता सीता एवं सखियों के साथ उद्यान में पुष्प तोड़ने का दृश्य आकर्षण का केंद्र बना। इसी दौरान भगवान राम और लक्ष्मण के प्रवेश तथा सीता-राम के प्रथम दर्शन का भावपूर्ण अभिनय दर्शकों को भा गया। मंचन के दौरान संवादों के साथ संगीत ने वातावरण को भक्ति से भर दिया। श्री शिव शक्ति युवा रामलीला मंडल द्वारा सभी बाहर से जनता का आभार व्यक्त किया गया। रामलीला का मंचन देखने आस-पास के ग्राम से भारी मात्रा में श्रद्धालु पहुंचे धर्म का प्रचार करने के लिए रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

# जिला स्तरीय कमल खेल महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय कमल खेल महोत्सव का आयोजन हॉकी एवं रस्साकसी से हुआ। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान की जानकारी अनुसार प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, महामंत्री वसंत राजपूत, पुरुषोत्तम झिंझोरे क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, सौरभ तिवारी ,भूपेंद्र सिंह तोमर नितिन सोनकर निवास जाट ने खिलाड़ियों से परिचय कर खेल टीशर्ट प्रदान कर किया।

प्रतियोगिता में हरदा खिरकिया टिमरनी ब्लॉक से चयनित विद्यालय स्तर के 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक बालिका टीम एवं ओपन वर्ग में 25 वर्ष से कम आयु वर्ग के महाविद्यालय स्तर के बालक बालिका खिलाड़ियों की दोनों वर्ग की रस्साकसी में 36 टीम एवं हॉकी में 4 टिम के 450 खिलाड़ियों ने



प्रथम दिवस भाग लेकर उत्साह दिखाया। प्रतियोगिता में व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, मोनिका मेहता, ब्लॉक समन्वयक हीना अली संदीप जाट, हाकी कोच संदीप सौदे, अख्तर अहमद, आशु मालाकार राजनंदनी, करण, नवनीत शुक्ला, के सहयोग से प्रतियोगिता संपन्न हुई। रस्सा कसी बालिका वर्ग 19 वर्ष आयु में प्रथम स्थान शासकीय टोडरमल स्कूल सोडलपुर, द्वितीय स्थान पर इंपीरियल पब्लिक स्कूल खिरकिया और तृतीय स्थानशास उच्चतर माध्यम शाला टेमागांव रही। इसके बाद बालक वर्ग 19 वर्ष आयु में शास उच्चतर माध्यम शाला टेमागांव प्रथम, द्वितीय स्थान पर शास टोडरमल स्कूल सोडलपुर, तृतीय स्थान पर शास महात्मा गांधी स्कूल हरदा रहा। ओपन बालक वर्ग में प्रथम स्थान हाकी क्लब हरदा, दूसरा स्थान खिरकिया क्लब खिरकिया और ओपन वर्ग बालिका वर्ग में शास महाविद्यालय टिमरनी प्रथम रही, जबकि द्वितीय स्थान शास. पीएम श्री महाविद्यालय हरदा रहा। हॉकी फिडर सेंटर 4-2 गोल से विजेता रही।